वेबसाइट के लिए

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली

विज्ञापन सं. आईसीएमआर/भर्ती/वैज्ञानिक-डी/02/2026-आरपीसेल

वैज्ञानिक-डी के पदों हेतु भर्ती सूचना

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख: 31.12.2026

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। आईसीएमआर, नई दिल्ली स्थित मुख्यालय तथा देश भर में स्थित अपने 29 संस्थानों/केंद्रों तथा व्यापक संख्या में अपने फील्ड स्टेशनों के माध्यम से राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों में जैव चिकित्सा/स्वास्थ्य अनुसंधान से संबंधित कार्य करता है।

आईसीएमआर, अखिल भारतीय स्थानांतरण के दायित्व के साथ सीधी भर्ती के तहत **वेतन मैट्रिक्स के स्तर-12 (₹78,800-2,09,200) (7वें वेतन आयोग के वेतनमान)** और परिषद के नियमित आधार पर नियुक्त कर्मचारियों को नियमानुसार यथाग्राह्य सामान्य भत्तों सहित **वैज्ञानिक-डी (नॉन-मेडिकल) के 01 (एक)** रिक्त पद को भरने के लिए दिनांक **31 दिसंबर, 2026 को अपराह्न 5:30 बजे तक** भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। **इस पद पर प्रारंभिक तैनाती आईसीएमआर -राष्ट्रीय जीवाणु संक्रमण अनुसंधान संस्थान (NIRBI), कोलकाता में होनी है ।**

स्ट्रीम का विवरण	रिक्तियों की संख्या	अनिवार्य अर्हता	अनिवार्य अनुभव	वांछनीय अर्हता एवं वांछनीय
वैज्ञानिक-डी (नॉन-मेडिकल)	01	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जैव-चिकित्सा विज्ञान से संबंधित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि **या** यूजीसी/पीसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त फार्म-डी उपाधि।	8 वर्ष	**वांछनीय अर्हता :** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **जैवभौतिकी/आणविक जीवविज्ञान/जैव रसायन** में पीएच.डी. **वांछनीय अनुभव:** सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/निजी संस्थान में जैव-चिकित्सा विज्ञान (बायोमेडिकल साइंसेज) से संबंधित अनुसंधान एवं विकास का अनुभव, जो पद की आवश्यकताओं के अनुरूप हो, अर्थात् क्रायो-ईएम पुनर्निर्माण एल्गोरिदम और संगणकीय (कम्प्यूटेशनल) कौशल के उपयोग के साथ जैविक नमूनों, विशेष रूप से वृहद आणविक संकुलो (मैक्रोमॉलिक्यूलर

				कॉम्प्लेक्सिस) के लिए क्रायो-इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप [क्रायो-ईएम] का उपयोग करते हुए संरचनात्मक जीवविज्ञान (स्ट्रक्चरल बायोलॉजी) पर अनुसंधान।

नोट:

1. पीएचडी को 4 वर्ष के अनुभव के समान मानने पर विचार किया जाएगा (डिग्री पूरी करने में लगने वाली अवधि पर ध्यान दिए बिना)।#
2. एमडी/एमएस अथवा समकक्ष को 3 वर्ष के अनुभव के रूप में माना जाएगा। #
3. एमवीएससी को 2 वर्ष के अनुभव के रूप में माना जाएगा। #

4. एमपीएच/एमटेक/एमई को किसी भी प्रकार के अनुभव के रूप में नहीं माना जाएगा।

5. सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/निजी संस्थानों में जैव चिकित्सा विज्ञान से संबंधित अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) का अनुभव संबंधित पद से अपेक्षित कार्यों के अनुरूप ही स्वीकार्य होगा।
6. लिखित में रिकॉर्ड किए जाने योग्य कारणों के साथ आईसीएमआर के महानिदेशक के अनुमोदन से उच्चतर श्रेणी की योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी के मामले में योग्यता और अनुभव में छूट दी जा सकती है।

 # न्यूनतम अनिवार्य शैक्षिक योग्यता प्राप्त करने में व्यतीत की गई अवधि को अनुभव के रूप में नहीं गिना जाएगा।

2. आयु सीमा:

अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष (भारत सरकार के अनुदेशानुसार छूट है।)

3. चयन प्रक्रिया:

- चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्न) अथवा साक्षात्कार अथवा दोनों आधार पर किया जाएगा।
- यदि कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित की गई,तो वह शोध विधियों की समझ और योग्यता आधारित प्रकृति पर होगी।

4. अल्पसूचीबध्दता मानदंड: -

(i) सर्वप्रथम, आयु, अनिवार्य योग्यता और अनिवार्य अनुभव (जहां भी अपेक्षित हो) के संबंध में न्यूनतम पात्रता पूरी करने वाले सभी अभ्यर्थियों की अल्प-सूची (छंटनी) तैयार की जाएगी।

(ii) यदि अल्प-सूचीबद्ध (छंटनी) किए गए अभ्यर्थियों की संख्या अधिक हो जाती है और उन सभी को साक्षात्कार के लिए बुलाना संभव नहीं है, तो आईसीएमआर कुछ उपयुक्त अल्प-सूची मानदंडों के आधार पर अभ्यर्थियों की ओर भी छंटनी करेगा, जैसा कि आईसीएमआर के सक्षम प्राधिकारी, द्वारा तय किया जाएं। हालांकि यह मामले दर मामले अलग-अलग हो सकते है, योग्यता के आधार पर, आईसीएमआर

सामान्यतः संबंधित क्षेत्रों में उच्च अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों या उच्चतर शैक्षिक योग्यता वाले अभ्यर्थियों को बुलाना पसंद करता है, जैसा भी मामला हो, और नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा तय किया गया हो।

5. शुल्क:

1500/- रुपये (केवल एक हज़ार पाँच सौ रुपये) का आवेदन शुल्क (**अदेय**) अपेक्षित है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला/दिव्यांगजन/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क से छूट है। आवेदन शुल्क का भुगतान उम्मीदवारों को आवेदन पत्र में दिए गए ऑनलाइन लिंक के माध्यम से करना होगा।

6. अन्य शर्तें:

(i) आवेदन ऑनलाइन माध्यम से https://recruitment.icmr.org.in पर ऑनलाइन आवेदन शुल्क के साथ जमा किया जाना चाहिए।
(ii) अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों को रद्द कर दिया जाएगा, कारण चाहे जो भी हो।
(iii) अपूर्ण आवेदन अथवा सहायक दस्तावेजों के बिना प्राप्त होने वाले आवेदन रद्द कर दिए जाएंगें।
(iv) **दावा किए गए शैक्षिक योग्यता/विशेषज्ञता/अनुभव से संबंधित दस्तावेज अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाने चाहिए।**
(v) व्यक्तिगत चर्चा के समय, केंद्र/राज्य सरकार के विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकारी वित्तपोषित अनुसंधान एजेंसियों में काम करने वाले आवेदकों को नियोक्ता से प्राप्त इस आशय का एक **"अनापत्ति प्रमाण-पत्र"** प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह वचनबद्धता हो कि **"आवेदक को नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के एक महीने के भीतर कार्यमुक्त कर दिया जाएगा"।**
(vi) किसी भी अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रकार का बाहरी प्रभाव डलवाना (राजनीतिक या अन्यथा) उसे अयोग्य घोषित कर देगा।
(vii) किसी भी अतिरिक्त विवरण/सूचना का प्रकाशन केवल आईसीएमआर की वेबसाइट पर ही अपलोड किया जाएगा। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे किसी भी अद्यतन जानकारी के लिए आईसीएमआर की वेबसाइट www.icmr.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें। किसी अन्य प्रकार से पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।
(viii) विज्ञापन के विरुद्ध भर्ती के संबंध में कोई भी विवाद नई दिल्ली स्थित न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र में होगा।
(ix) आईसीएमआर इस रिक्ति परिपत्र को संशोधित करने, रद्द करने या नये सिरे से प्रकाशित करने की स्वतंत्रता रखता है।
(x) रिक्तियों की संख्या अनंतिम है तथा इसमें परिवर्तन हो सकता है।

7. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु अनुदेश:

उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय पूरी सावधानी रखनी चाहिए और अनुदेशों तथा सहायक नियमावली का चरण-दर-चरण अनुपालन करना चाहिए। उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र सही-सही भरना चाहिए। गलत भरा हुआ आवेदन पत्र अस्वीकार किया जा सकता है।

क. सामान्य अनुदेश:

i. आवेदन करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी को अपना पंजीकरण करने के बाद निर्धारित प्रारूप में अपना ऑनलाइन आवेदन https://recruitment.icmr.org.in पर जमा करना है।

ii. ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख का इंतजार किए बिना, समय से पहले ऑनलाइन आवेदन करें।

iii. **किसी पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना है कि वे आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख तक पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। जो अभ्यर्थी अंतिम तारीख तक अर्हता/पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करते हैं, उनका आवेदन ऑनलाइन आवेदन प्रणाली द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

iv. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पहले कृपया अनुदेशों और प्रक्रियाओं को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उसका प्रिंट लेकर आवेदन पत्र में भरी गई सभी जानकारियों की जांच करें ताकि जानकारी की सत्यता सुनिश्चित हो सके और आवेदन जमा करने से पहले सभी दस्तावेज़ अपलोड करें।

v. आवेदन सफलतापूर्वक जमा करने के बाद, अभ्यर्थी आवेदन का अंतिम प्रिंट पुन: ले सकते हैं।

vi. परिषद द्वारा ऑफलाइन आवेदन पत्र या डाउनलोड किए गए आवेदन पत्र की कोई भी प्रति स्वीकार नहीं की जाएगी। हालाँकि, आवेदन पत्र की एक हार्ड कॉपी (अंतिम प्रिंटआउट) सभी अपलोड किए गए दस्तावेज़ों के साथ परिषद द्वारा मांगे जाने पर जमा करनी है।

vii. किसी आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, अभ्यर्थियों की पात्रता/उपयुक्तता, चयन के तरीके और मानदंड आदि से संबंधित सभी मामलों में परिषद का निर्णय अंतिम और अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी भी पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

viii. परिषद ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय दस्तावेज़ों की जाँच नहीं करता है और इनकी जाँच केवल छंटनी के समय ही की जाती है। यदि आवेदन पत्र जमा करने से लेकर नियुक्ति तक किसी भी चरण में सत्यापन के दौरान और नियुक्ति के बाद किसी भी समय यह पाया जाता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता की किसी शर्त को पूरा नहीं करता है या यह पाया जाता है कि दी गई जानकारी झूठी/छिपी हुई या गलत है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और उस पर आपराधिक मुकदमा भी चलाया जा सकता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि अभ्यर्थी को अपने आवेदन में गलत या असत्य जानकारी देकर कोई लाभ हुआ है या नहीं।

ix. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना आवेदन पत्र ध्यानपूर्वक भरें, जैसे नाम, पिता/माता का नाम, जन्म-तिथि और श्रेणी, अर्हता, प्राप्त अंक, उत्तीर्ण वर्ष, फोटो, हस्ताक्षर, विवरण आदि। आवेदन पत्र जमा करने के बाद, ऑनलाइन आवेदन पत्र के किसी भी विवरण में परिवर्तन के अनुरोध पर परिषद द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

ख. ऑनलाइन पंजीकरण:

i. ऑनलाइन पंजीकरण का चयन करने के बाद, मांगी गई अनिवार्य जानकारी चरण दर चरण सावधानीपूर्वक भरें क्योंकि **पंजीकृत होने के बाद पंजीकरण फॉर्म में भरी गई जानकारी को बदलने की अनुमति नहीं होगी।**

ii. यह सुनिश्चित करना अभ्यर्थी की ज़िम्मेदारी होगी कि पंजीकरण फॉर्म में सही विवरण भरे गए हैं। पंजीकरण फॉर्म में गलत प्रविष्टियों के कारण किसी भी गलत जानकारी/उम्मीदवारी रद्द होने/नुकसान या संचार की कमी आदि के लिए आईसीएमआर ज़िम्मेदार नहीं होगा।

iii. सफल ऑनलाइन पंजीकरण की पावती आवेदक के पंजीकृत ईमेल आईडी/मोबाइल नंबर पर भेज दी जाएगी।

iv. किसी भी आवेदक से डुप्लिकेट आवेदन प्राप्त होने पर ऐसे सभी आवेदन रद्द कर दिए जाएँगे। संक्षेप में, ऐसे अस्वीकरणों के बारे में कोई सूचना नहीं दी जाएगी।

ग. ऑनलाइन आवेदन भरना:

i. पंजीकृत उपयोगकर्ता अपने ईमेल और मोबाइल नंबर पर प्राप्त उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड के साथ आवेदन पत्र तक पहुँचने के लिए 'आवेदक (एप्लिकैंट) लॉगिन' पर क्लिक करें।

ii. 'आवेदन पत्र पर जाएँ' और बटन पर क्लिक करें और कृपया महत्वपूर्ण अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आवेदन पत्र कई खंडों में विभाजित है। आपको खंडवार आवेदन पत्र भरने की आवश्यकता है। एक खंड में अनिवार्य विवरण भरने के बाद, आप 'सेव एंड नेक्स्ट' पर क्लिक करके अगले खंड पर जा सकते हैं। हालाँकि, यदि अनिवार्य जानकारी नहीं भरी गई है या आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड नहीं किए गए हैं, तो आपको अगले खंड पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पिछले खंड पर वापस जाने के लिए, आप 'पिछले खंड' टैब बटन पर क्लिक कर सकते हैं। अंतिम खंड पूरा करने के बाद, 'सबमिट' बटन पर क्लिक करें, आपको भुगतान करने के लिए पुनः निर्देशित किया जाएगा। भुगतान हो जाने के बाद, आपका आवेदन पूर्ण माना जाएगा। शुल्क केवल नेट बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा।

iii. सभी आवेदकों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि फोटो/हस्ताक्षर और अन्य दस्तावेज़ इन दिशानिर्देशों में दिए गए अनुदेशों के अनुसार अपलोड किए गए हैं। ऐसा न करने पर आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है।

घ. आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज़:

अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षिक अर्हता (मैट्रिक से आगे), उन सभी पाठ्यक्रमों में प्राप्त विस्तृत अंकों के प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, जाति प्रमाण पत्र (अर्थात अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांगजन) और अनुभव के समर्थन में अपने स्व-सत्यापित/प्रमाणित प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियाँ अवश्य अपलोड करनी है। यदि कोई अभ्यर्थी उपरोक्त आवश्यक दस्तावेज़ों की स्व-सत्यापित प्रतियाँ अपलोड करने में

विफल रहता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और उसे चयन प्रक्रिया के बाद के चरणों में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

i. आवेदन पत्र पर दी गई फोटोग्राफ असत्यापित होनी चाहिए।

ii. अभ्यर्थी को टोपी, रंगीन चश्मा आदि नहीं पहनना चाहिए। चश्मा पहनने की अनुमति है।

iii. इन अनुदेशों का अनुपालन न करने वाले या अस्पष्ट फोटोग्राफ वाले आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

iv. परीक्षा/दस्तावेज़ों के सत्यापन के समय उपयोग के लिए कुछ समान फोटोग्राफ सुरक्षित रखें।

v. **परीक्षा के समय वास्तविक उपस्थिति और आवेदन पत्र पर चिपकाई गई फोटो में चेहरे के मिलान के बीच कोई भी विचलन या विसंगति अभ्यर्थी को अस्वीकार करने के लिए उत्तरदायी बनाएगी।**

ड़. आवेदन रद्द किए जाने के संभावित कारण:

i. किसी विशेष श्रेणी के लिए एक से अधिक आवेदन करना।

ii. आवेदन अधूरा है और ऑनलाइन नहीं है।

iii. निर्धारित तरीके से पूरा शुल्क जमा नहीं किया गया है।

iv. अभ्यर्थी के पास आवेदन की अंतिम तारीख़ तक अपेक्षित शैक्षिक योग्यता नहीं है।

v. आयु के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज़, मैट्रिक से आगे की शैक्षिक योग्यता, एमसीआई पंजीकरण प्रमाण पत्र, संबंधित जाति के समर्थन में जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / आर्थिक पिछ्ड़ा वर्ग/ दिव्यांगजन) आवेदन पत्र के साथ अपलोड नहीं किए गए हैं।

vi. अभ्यर्थी कट-ऑफ की तारीख/आवेदन की अंतिम तारीख तक अधिक/कम आयु का है।

vii. विज्ञापन में निर्धारित आवश्यक मानदंडों को पूरा न कर पाना।

किसी भी तकनीकी सहायता अथवा भुगतान से संबंधित प्रश्नों के लिए कार्यदिवसों में प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक (भारतीय मानक समय) 011-26589167 पर संपर्क करें अथवा query.rpcell@icmr.gov.in पर ई-मेल भेजें।

-हस्त-
(यश भारद्वाज)
प्रशासन अधिकारी

****